बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

21 मार्च 2023

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग].

Total Short Notice Question- 5

स्वास्थ्य केन्द्र की योजना

*113 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार ने राज्य के सभी 243 विधान सभा क्षेत्र में पांच स्वास्थ्य उप केंद्र एवं एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मानक के अनुरूप आधारभूत संरचना सहित स्वास्थ्य सुविधा विकसित करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना, नालंदा एवं नवादा जिले के विभिन्न विधान सभा क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य उप केंद्र एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की योजना प्रारंभ कर दी गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तीनों जिलों में उक्त योजना के तहत बन रहे स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वीकृति एवं प्रगति प्रतिवेदन से सदन को अवगत कराना चाहती है?

पेयजल उपलब्ध

***114 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के साठ प्रतिशत से अधिक चापाकल खराब पड़े हुए हैं और इनकी मरम्मती के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा विशेष योजना बनाने की आवश्यकता है;

(ख) क्या यह सही है कि चापाकल के अभाव में ग्रामीण जनता को पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है, क्योंकि नए चापाकल निर्माण की अनुमति विभाग द्वारा नहीं दी जा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिवहर जिला के पुराने खराब पड़े हुए चापाकलों की मरम्मती एवं नए चापाकलों के संस्थापन का निर्णय लेना चाहती है ताकि आम जनता को पेयजल उपलब्ध कराया जा सके , यदि हां तो कब तक?

समिति का पुनर्गठन

***115 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में 15 होम्योपैथी महाविद्यालय हैं जिनके लिए राज्यपाल द्वारा आदेश निर्गत किया गया था कि सभी कॉलेज की एडहॉक, प्रबंध समिति का पुनर्गठन किया जाए;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के होम्योपैथी महाविद्यालयों को छोड़कर अन्य सभी महाविद्यालय में एडहॉक समिति का पुनर्गठन कर दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन सभी होम्योपैथी महाविद्यालयों में एडहॉक प्रबंध समिति का पुनर्गठन करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

महिला चिकित्सक की नियुक्ति

***116 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के प्रत्येक प्रखण्ड में स्वास्थ्य केन्द्र खोला गया है परन्तु प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक की नियुक्ति नहीं की गई है, इस कारण वहां इलाज हेतु आने वाली महिलाओं को काफी परेशानी होती है;

(ख)	यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शीघ्र प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र में एक महिला चिकित्सक की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

निवेशक सम्मलेन कब तक

*117	**श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क)	क्या यह सही है कि राज्य में निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए कई राज्य सरकारें निवेशक सम्मेलन आयोजित कराती हैं;

(ख)	क्या यह सही है कि बिहार के पास बड़ा बाजार है, कुशल कार्यबल एवं मानव पूंजी पर्याप्त है परन्तु वित्तीय पूंजी की कमी न हो उसको पूरा करने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करने की जरूरत है;

(ग)	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार में निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए निवेशक सम्मेलन कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?